ISO 9001:2015 CERTIFIED

सोच का ही फ़र्क होता है,वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मज़बूत बनाने आती हैं

साप्ताहिक

# नीमच हेडलाइन्स

डाक पंजीयन क्रमांक मंदसौर 407/2025-27

पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

NEEMUCH HEADLINES खबर वही, जो हम दिखाते है...

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा

प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा

साप्ताहिक समाचार पत्र,एप, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 14 | नीमच, बुधवार 1 से 7 अक्टूबर 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5 रू

## नीमच में स्टंटबाज युवक की गुंडागर्दी

### पुलिसकर्मी की वर्दी पकड़कर की मारपीट, पहले भी पिस्टल लहराकर फैला चुका है दहशत

**नीमच**। शहर के मेसी शोरूम चौराहे पर रविवार देर शाम एक खतरनाक नजारा देखने को मिला, जब स्कूटी से स्टंट कर रहा युवक अचानक पुलिसकर्मी से भिड़ गया। ड्यूटी पर तैनात जवान ने जब उसे रोकने की कोशिश की, तो युवक भड़क गया और पुलिसकर्मी की वर्दी पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

#### ट्रैफिक जाम और राहगीरों की जिंदगी खतरे में

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक स्कूटी को टेढ़ा-मेढ़ा घुमाकर सड़क पर करतब दिखा रहा था। इससे ट्रैफिक रुक गया और राहगीरों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगा। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने जैसे ही हस्तक्षेप किया, आरोपी ने हंगामा कर दिया।

#### आरोपी की पहचान और पृष्ठभूमि

कैंट थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। उसकी पहचान धनेरिया रोड बघाना निवासी सौरभ (38) पिता ताराचंद छाबड़ा के रूप में हुई। थाना प्रभारी पुष्पा चौहान के अनुसार, आरोपी सौरभ पहले भी स्टंट करने और लोगों से विवाद करने के लिए बदनाम है। इतना ही नहीं, वह खुलेआम पिस्टल लहराकर इलाके में दहशत फैला चुका है।

#### पुलिस की सख्त कार्रवाई

इस घटना को गंभीर मानते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, पुलिसकर्मी से मारपीट और लोक शांति भंग करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। रविवार देर रात ही मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को थाने में बंद कर दिया गया।

#### कानून व्यवस्था पर पुलिस का संदेश

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट कहा है कि शहर में स्टंट और गुंडागर्दी करने वालों को अब किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सड़क पर जनता की जान खतरे में डालने वाले और पुलिसकर्मियों से मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महाअष्टमी पर उज्जैन में नगर पूजा, 27 किमी मार्ग पर मदिरा की धार से हुआ पूजन

### सम्राट विक्रमादित्य की प्राचीन परंपरा जारी

**उज्जैन** शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर आज 30 सितंबर को नगर की सुख समृद्धि के लिए मदिरा की धार से पूजा हुई। चौबीस खंभा माता मंदिर में सुबह कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं एसपी प्रदीप शर्मा ने माता महामाया व महालया को मदिरा का भोग लगाकर पूजा की शुरुआत की। इसके बाद अधिकारी और कोटवारों का दल ढोल ढमाकों के साथ 40 से अधिक देवी व भैरव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए रवाना हुए। करीब 27 किलो मीटर लंबे नगर पूजा मार्ग पर मदिरा की धार लगाई जाएगी। साथ ही पूड़ी, भजिए, गेहूं व चने की घुघरी अर्पित की जाएगी। मान्यता है ऐसा करने से नगर में मौजूद अतृप्त आत्माएं तृप्त होती हैं तथा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। महाअष्टमी पर नगर पूजा की परंपरा सम्राट विक्रमादित्य के काल से चली आ रही है। कालांतर मे भी रियासत के समय पूजन का क्रम जारी रहा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद शासन की ओर से नगर पूजा कराई जा रही है। इस बार तिथि वृद्धि के कारण 30 सितंबर को महाअष्टमी मनाई गई। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह माता महामाया और महालया को मदिरा का भोग लगाकर नगर पूजा की शुरुआत की। इसके बाद शासकीय दल अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए रवाना हुए।

#### इसलिए होती है नगर पूजा

धर्मधानी उज्जैन में नगर पूजा की परंपरा सम्राट विक्रमादित्य के काल से चली आ रही है। कालांतर में राजा महाराजा इस परंपरा का निर्वहन करते आए हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सरकार की ओर से नगर पूजा कराई जाती है। नगर पूजा का शुभारंभ चौबीस खंभा माता मंदिर से होता है। मान्यता है कि यह प्राचीन उज्जैन का मुख्य द्वार है। इस द्वार के दोनों ओर माता महामाया व महालया विराजित है। सर्वप्रथम इन्हीं की पूजा होती है, इसके बाद शहर के अन्य देवी व भैरव मंदिरों में पूजा की जाती है। मान्यता है कि देवी भैरव आदि अनादिकाल से इस नगर की सुरक्षा कर रहे हैं। उन्हीं के आशीर्वाद से प्रजाजन सुखी व संपन्न रहते हैं। देवताओं की कृपा सदा सर्वदा बनी रहे, इसलिए प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर राजा द्वारा देवी भैरव के पूजन की परंपरा है।




#### हरसिद्धि शक्तिपीठ पर दोपहर 12 बजे होगी पूजा

शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर में महाअष्टमी पर दोपहर 12 बजे शासकीय पूजा होगी। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह व एसपी प्रदीप शर्मा माता हरसिद्धि की पूजा अर्चना करेंगे। देवी को सौभाग्य सामग्री अर्पित की जाएगी। पुजारी रामचंद्र गिरि ने बताया हरसिद्धि मंदिर में शाक्त पूजा होती है। यहां देवी को मदिरा अथवा तामसिक वस्तु अर्पित नहीं की जाती है। इसलिए महाअष्टमी पर कलेक्टर दोपहर में अलग से आकर पूजा अर्चना करते हैं।

#### गढ़कालिका में शाम से भंडारा, रात में महाआरती

शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर मंगलवार को सिद्धपीठ गढ़ कालिका माता मंदिर में शाम 7 बजे से रात 11.30 बजे तक महाभंडारा होगा। इसके बाद रात 12 बजे ढोल ढमाकों के साथ महाआरती की जाएगी। शासकीय पुजारी महंत करिश्मानाथ ने बताया भक्तों से महाप्रसादी व महाआरती में शामिल होने का अनुरोध किया है। दशहरे के दिन भी महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

#### भक्तों में प्रसाद के रूप में बाटी गई शराब

यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा चोबीस खम्बा माता मंदिर पर पहुंचे और देवी महालया और महामाया की पूजा कर देवी को मदिरा चढ़ाई। यह महाष्टमी की महापूजा सुबह ढ़ोल नगाड़ों के साथ शुरू हुई। बाद में प्रशासनिक अमला तहसीलदार

## नीमच के दिव्यांगजन बने आत्मनिर्भर, ई-रिक्शा देकर जिला प्रशासन ने बढ़ाई सहायताएँ

**नीमच**। जिला प्रशासन नीमच ने सेवा पखवाड़ा के तहत एक अभिनव पहल करते हुए दस दिव्यांगजनों को ई-रिक्शा प्रदान किया है। यह पहल सीएसआर मद के माध्यम से ग्रीनको कंपनी के सहयोग से संभव हुई। दिव्यांगजन अब स्वयं ई-रिक्शा चला कर अपना स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इसके लिए उन्हें ई-रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री दिलीप सिह



परिहार एवं कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने दिव्यांगजनों को ई-रिक्शा की चाबी प्रदान की। ई-रिक्शा प्राप्त कर दिव्यांगजन बेहद प्रसन्न नजर आए और उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद भी दिया।

## भव्य समारोह में 24 ब्रह्माकुमारी तपस्वी बहनों का देवी रूप में सम्मान

**नीमच**। ब्रह्माकुमारी संस्थान के नवनिर्मित भवन 'शिव धाम' के भव्य हॉल में आयोजित विशेष समारोह में 24 ब्रह्माकुमारी तपस्वी बहनों का अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके आगमन पर सभी उपस्थितजनों द्वारा खड़े होकर करतल ध्वनि से स्वागत के साथ हुई। मंच पर विराजित होने के पश्चात बहनों को आत्म स्मृति की चमकीली बिंदिया एवं लाल दुपट्टे पहनाकर देवी रूप में श्रृंगारित किया गया तथा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। इस अवसर पर अष्टभुजाधारी महादुर्गा के स्वरूप में श्रृंगारित कु. दीपीका पंवार मंच पर विराजमान रहीं। महादुर्गा की आरती श्रीमती कुसुम राजोरा ने सुंदर नृत्य के साथ प्रस्तुत की। वहीं श्रीमती कौशल्या राजोरा, किर्ती गुर्जर, अनिता माली, कल्पना तांवरे, ललिता राठौर एवं कुसुम राजोरा ने सामूहिक गरबा नृत्य एवं दुर्गा स्तुति की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## उज्जैन और रतलाम रेंज में 189 प्रकरणों से जप्त 11.43 करोड़ रुपये के मादक पदार्थों का विनष्टीकरण





**नीमच**। पुलिस विभाग द्वारा नशे के कारोबार पर कड़ा प्रहार करते हुए उज्जैन और रतलाम रेंज के विभिन्न जिलों में वर्ष 2022 से 2025 तक जप्त किए गए 189 प्रकरणों से संबंधित कुल 11 करोड़ 43 लाख 79 हजार 460 रुपये मूल्य के मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया गया। इसमें 149 क्विंटल 73 किलो 77 ग्राम डोडाचुरा, 57 किलो 640 ग्राम अफीम, 6 क्विंटल 50 किलो 488 ग्राम गांजा, 1 किलो 739 ग्राम स्मैक, 541 ग्राम चरस, 115 ग्राम एमडी, 7 ग्राम ब्राउन शुगर, 11 किलो 820 ग्राम गांजे के हरे पौधे और 388 ग्राम अफीम के हरे पौधे शामिल हैं। भारत सरकार के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत, तथा पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार गठित ड्रग विनष्टीकरण समितियों की देखरेख में यह कार्रवाई की गई। उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा के निर्देश पर यह विनष्टीकरण 26 सितंबर 2025 को विक्रम फैक्ट्री खोर और अल्कोलॉइड फैक्ट्री नीमच में किया गया। रतलाम रेंज समिति की अध्यक्षता पुलिस उप महानिरीक्षक निमिष अग्रवाल ने की। समिति में पुलिस अधीक्षक नीमच अंकित जायसवाल और पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीणा सदस्य रहे। इस रेंज के नीमच, मंदसौर और रतलाम जिलों के कुल 98 प्रकरणों से जप्त 135 क्विंटल 66 किलो 610 ग्राम डोडाचुरा, 52 किलो 683 ग्राम अफीम, 34 किलो 570 ग्राम गांजा, 1 किलो 700 ग्राम स्मैक, 60 ग्राम एमडी और 11 किलो 820 ग्राम गांजे के हरे पौधे का विनष्टीकरण किया गया। इनमें से अफीम अल्कोलॉइड फैक्ट्री नीमच में जमा की गई, जबकि शेष पदार्थों का नाश विक्रम फैक्ट्री खोर में किया गया। इनका कुल मूल्य लगभग 9 करोड़ 36 लाख 39 हजार 900 रुपये रहा। उज्जैन रेंज समिति की अध्यक्षता पुलिस उप महानिरीक्षक नवनीत भसीन ने की। समिति में पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोत और पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल राजपूत सदस्य रहे। इस रेंज के उज्जैन, देवास, शाजापुर और आगर-मालवा जिलों के कुल 91 प्रकरणों से जप्त 14 क्विंटल 7 किलो 160 ग्राम डोडाचुरा, 6 क्विंटल 15 किलो 918 ग्राम गांजा, 39 ग्राम स्मैक, 541 ग्राम चरस, 7 ग्राम ब्राउन शुगर, 55 ग्राम एमडी और 388 ग्राम अफीम के हरे पौधे का विनष्टीकरण किया गया। 4 किलो 957 ग्राम अफीम को अल्कोलॉइड फैक्ट्री नीमच में जमा किया गया। इनका कुल मूल्य लगभग 2 करोड़ 7 लाख 39 हजार 560 रुपये रहा। ड्रग विनष्टीकरण समिति द्वारा की गई इस कार्रवाई से नशे के अवैध व्यापार पर बड़ा प्रहार हुआ है। पुलिस विभाग की यह पहल समाज में नशामुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## नीमच शहर की शिक्षक कॉलोनी में अधिवक्ता सुरेंद्र पटवा के घर पर सूने मकान को चोरों बनाया निशाना



नीमच। शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार रात शिक्षक कॉलोनी स्थित अधिवक्ता सुरेंद्र पटवा के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों के आभूषण व नगदी लेकर फरार हो गए। पटवा परिवार शुक्रवार शाम घूमने गया था। रविवार रात लगभग 10 बजे छोटे भाई राजेश पटवा ने घर का दरवाजा खुला पाया। चोर पीछे की गली से घर में घुसे और अलमारियों के ताले तोड़कर सारा सामान बिखेर दिया। सूचना पर पुलिस और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे, लेकिन कोई खास सुराग नहीं मिल पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पटवा परिवार के घर पर यह चौथी बार चोरी की वारदात हुई है, जिससे आशंका है कि किसी ने घर की रेकी कर वारदात को अंजाम दिया है।

# जीवन में सफलता तब ही मिल सकती है जब सत्य की राह पर चलकर जीवन जिया जाए

ब्यूरो रिपोर्ट- प्रदीप जैन सिंगोली।

मां बिजासन माता जी में चल रही 9 दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा में आठवें दिन  श्री धाम वृन्दावन के प्रसिद्ध कथावाचक पण्डित गोपी शास्त्री जी के मुखार विन्द  से शिव पार्वती कथा के बारे मे बताया कि देवी सती ने देह त्यागने के बाद हिमालय पर्वतराज की पुत्री 'पार्वती' के रूप में पुनर्जन्म लिया और शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की. शिवजी ने पहले सप्त ऋषियों  को भेजकर और फिर स्वयं मगरमच्छ का रूप धारण करके पार्वती की परीक्षा ली, जिसमें पार्वती अपने निश्चय पर अटल रहीं और अंत में शिव ने प्रसन्न होकर उनसे विवाह किया, जो शिव-शक्ति का एक आध्यात्मिक मिलन था। महाराज जी ने कथा में बताया कि जीवन की सफलता तब ही मिल सकती है जब सत्य की राह पर चलकर जीवन में सत्य आनंद और संतुष्टि लाता है, जबकि असत्य का सहारा लेने वाले अक्सर कठिनाइयों का सामना करते हैं। सत्य वह है जो वास्तव में मौजूद



है, जबकि असत्य दोषपूर्ण होता है। झूठ की गति तेज़ हो सकती है, लेकिन अंततः जीत हमेशा सत्य की ही होती है।

आठवें दिन आचार्य निखिल शर्मा द्वारा मां बिजासन माता का पूजन एवं अभिषेक करवाया  गया कथा समाप्ति पर मां की आरती व भोग लगाया गया ।मौके पर कथा में शिव व पार्वती की झाकी भी बनाई, ओर सभी भक्त जनों ने भगवान शिव पार्वती जी आरती के साथ दर्शन किए। हरिओम मित्र मंडल द्वारा आयोजित नव दिवसीय भागवत कथा का कल समापन दिवस रहेगा शाम 4:00 बजे प्रसादी  वितरण की जाएगी !

## जिला पंचायत सीईओ एवं एडीएम ने की जनसुनवाई -38 आवेदकों की सुनी समस्याएं




**नीमच**। कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं एडीएम श्री बी.एस.कलेश ने जनसुनवाई करते हुए 38 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश भी संबंधित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में रतनगढ़ के मुरलीधर, नीमच की सपना कुंवर, भोलाराम कपाउण्ड नीमच की मनीषा शर्मा, गिरदौड़ा के किशनसिह,  नीमच के मिर्जा मेहमूद बेग, मनासा के अनिल, भदवा के रामेश्वर, तलाऊ के रामलाल, बरथून की ललिता, चेनपुरिया के दयाल, खारी कुआॅ नीमच की सायरा, नीमच सिटी की अनिता, चीताखेड़ा के श्यामलाल,  गंगाबाई, ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।इसी तरह नयागांव के सत्तु, इंदिरा नगर नीमच के त्रिलोकचंद्र , राजू धाकड़, रतनगढ के गोपालकृष्ण, किशनपुरा के उमेश, जेतपुरा के विष्णु,  ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

## कलेक्टर ने रेडक्रास से दी जरूरतमंद आशाबाई को पांच हजार रूपये की आर्थिक मदद



**नीमच**। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जनसुनवाई में अम्बेडकर कालोनी की जरूरतमंद महिला आशाबाई को रेडक्रास से पांच हजार रूपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। आशाबाई ने जनसुनवाई में उसकी मकान की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा आर्थिक मदद का आगृह किया था। इस पर कलेक्टर ने अम्बेडकर कालोनी निवासी आशाबाई को पांच हजार रूपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। साथ ही न.पा.की सीएमओ को आशाबाई के मकान की जमीन पर कब्जे का प्रयास करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

## नीमच पुलिस का बड़ा खुलासा, भोपाल गैंग के बदमाशों ने दिया था शहर में इन दो बड़ी वारदातों को अंजाम, 4 आरोपी चढ़े खाकी के हत्थे



**नीमच**। एसपी अंकित जायसवाल के निर्देशन, एएसपी नवलसिंह सिसौदिया एवं सीएसपी किरण चौहान के मार्गदर्शन में थाना नीमच केंट व सिटी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 सितंबर को नीमच सिटी व केंट थाना क्षेत्र में ताले तोड़कर लाखों के सोने-चांदी के जेवर व नगदी चोरी की वारदात हुई थी। दोनों मामलों में अलग-अलग अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने भोपाल गैंग की संलिप्तता पाई।

### यह आरोपी गिरफ्तार-

अहमद हुसेन पठान (40) निवासी मंदसौर, अंकित उर्फ किट्टू मराठा (23) निवासी भोपाल, अनुपसिंह राजपूत (38) निवासी भोपाल व अभिषेक लुनिया चौहान (28) निवासी महू शामिल हैं। सभी को भोपाल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने नीमच की चोरी की वारदात स्वीकार की।

### आरोपियों से यह बरामद-

आरोपियों की निशानदेही पर 75 हजार नगदी, क्रोमा कंपनी का ब्लूटूथ स्पीकर, चोरी में उपयोग किए गए पेचकस, हथौड़ी, वॉकी-टॉकी, जीपीएस सहित अन्य उपकरण जप्त किए गए।

### आपराधिक रिकॉर्ड-

मुख्य आरोपी अनुपसिंह के खिलाफ 35 से अधिक नकबजनी, चोरी व लूट के प्रकरण दर्ज हैं, जबकि अहमद के खिलाफ 3 मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में सायबर सेल, थाना नीमच केंट व सिटी पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## मजदूर पर 7 से 8 अज्ञात लोगों ने किया हमला



नीमच। शहर में गुरुवार देर शाम एक मजदूर पर 7 से 8 अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। घटना में घायल मजदूर के सिर में गंभीर चोट आई, जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौथखेड़ा निवासी तेजू (31) नाकोड़ वेयरहाउस में मजदूरी करता है। गुरुवार को काम से घर लौटते समय जब वह जमुनियाकला स्थित पाराशर ब्रदर्स के पास पहुंचे, तभी अचानक 7-8 लोगों ने उन्हें घेरकर मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले में तेजू के सिर पर गंभीर चोट लगी। उन्होंने तत्काल अपने परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को जिला चिकित्सालय ले गए। उपचार के बाद तेजू और उनके परिजन सीधे नीमच सिटी थाने पहुंचे तथा अज्ञात हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि न तो हमलावरों की पहचान हो सकी और न ही हमले के कारणों की जानकारी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## दुग्ध समृद्धि योजना के तहत अधिकारियों को ग्राम भ्रमण एवं पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा

**नीमच** जिले में 2 से 9 अक्टूबर2025 के मध्य ''दुग्ध समृद्धि सम्पर्कअभियान'' का प्रथम चरण संचालित किया जायेगा। संपर्क के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा 10 एवं 10 से अधिक गाय, भैंस पालकों को गृह भेंट देकर , पशुपोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु प्रजनन(नस्ल सुधार) के लिए जागरूक किया जायेगा। पशुपालन विभाग के मैदानी अमले द्वारा इस दौरान पशुपालकों को दी जा रही गृह भेंट एवं पशुपालकों को जागरूक करने के कार्य का पर्यवेक्षण करने अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव को जिले के न्यूनतम तीन ग्रामों का भ्रमण कर, पर्यवेक्षण का दायित्व सौपा गया है। अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) अनुभाग मनासा, नीमच, जावद को अपने कार्यक्षेत्र के न्यूनतम 4 ग्रामों का भ्रमण कर पर्यवेक्षण का दायित्व सौपा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनासा, नीमच, जावद को अपने कार्यक्षेत्र के न्यूनतम 4 ग्रामों का भ्रमण कर पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया हैं।

# जिले के सभी शिक्षकगण, विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निष्ठा एवं समर्पण के साथ अध्यापन करवाएं- चंद्रा

## गुणवत्तापूर्ण पूर्ण शिक्षा के लिए शैक्षिक नवाचार तहत शिक्षकों की कार्यशाला सम्पनन

**नीमच**। जिले की सभी शासकीय विद्यालयों के शिक्षकगण सभी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। सभी विद्यालयों के शतप्रतिशत विद्यार्थी 75 प्रतिशत से अधिक अंक हांसिल कर उत्तीर्ण हो। यह लक्ष्य रखकर अध्यापन कार्य करवाएं। बोर्ड परिक्षाओं में शतप्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हो। सभी शिक्षक विद्यार्थियों को समर्पित होकर अध्यापन करवाए। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को टाउनहॉल नीमच में जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शैक्षिक नवाचार के तहत आयोजित विषय शिक्षकों की कार्यशाला को सम्बोधितकरते हुए कही। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुजानमल मांगरिया सहित जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्यगण, संकुल प्राचार्य, जिले के सभी विद्यालयों के गणित, भौतिकी, रसायन एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षकगण, विषय विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे। कार्यशाला






में शिक्षकगणों को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा, कि शिक्षकगणों पर देश की भावी पीढ़ी के निर्माण की अहम जिम्मेदारी है, वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाए। पूरी ऊर्जा एवं मेहनत से कार्य करें और बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए कार्य करें। कलेक्टर ने शिक्षकगणों का आव्हान किया, कि वे विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में आने के लिए प्रेरित करें। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दिन प्रतिदिन विद्यार्थियों को प्रतिदिन प्रेक्टिस करवाए। विद्यार्थियों को एक दूसरे की मदद करते हुए आगे बढ़ने के लिऐ प्रेरित करें। जिला स्तर से हर विषय के लिए प्रश्न बैंक तैयार कर विद्यालयों को उपलब्ध करवाए और विद्यालयों में छात्रों को प्रश्न बैंक को हल करवाया जाए।जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने कहा, कि शिक्षकगण विद्यार्थियों को कन्सेप्ट क्लीयर करे, विद्यार्थियों की जिज्ञासा एवं प्रश्नों का समाधान करें। कलेक्टर द्वारा सभी विद्यालयों में स्मार्ट पेनल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होने कहा, कि विद्यार्थियों को पढ़ाने का तरीका, फार्मूलाबेस ना हो। शिक्षक विद्यार्थियों से वन टू वन संवाद करें। उनकी कठिनाईयों को समझकर समाधान करें। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मास्टर ट्रेनर्स श्री प्रदीप प्रजापति ने भौतिक विषय के अध्यापन, श्री भगवती लाल कुमावत ने गणित विषयएवं श्री प्रहलाद वैष्णव ने अंग्रेजी विषय के गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के तरीकों के बारे में बताया। इस मौके पर शिक्षा विभाग के प्राचार्यगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में गणित, अंग्रेजी, भौतिकी रसायन, विज्ञान के शिक्षकगण उपस्थित थे।

## हार्मनी की सुर संगीत संध्या 5 अक्टूबर को



**नीमच**। सफर सुरों का हार्मनी की संगीत संध्या का शंखनाद 5 अक्टूबर को,।विगत 35 वर्षों से नीमच के सभी श्रोताओं के दिल को छू लेने वाले 25 से 27 गीतों का गुलदस्ता प्रस्तुत करने वाली संस्था हार्मनी का गीत संगीत का कार्यक्रम इस वर्ष रविवार 5 अक्टूबर को गांधी वाटिका के समीप मगन लाल रतन देवी मांगलिक भवन में रात्रि 8बजे आयोजित किया जाएगा, 1991 में स्थापित संगीत एवं कला को समर्पित संस्था हार्मनी परिवार द्वारा इस वर्ष गीत संगीत की प्रस्तुति महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहेगी। यह जानकारी हार्मनी परिवार के वरिष्ठ सदस्य जम्बु कुमार जैन, रवि शर्मा व प्रशांत मित्तल ने संयुक्त रूप से दी।

## प्राचीन वाल्मीकि व्यायाम शाला का पुनर्गठन



**नीमच**। राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक सेवा संस्थान अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा टीम रामगोपाल राजा के द्वारा नगर की प्राचीन व्यायाम शाला के पुनर्गठन पर व्यायाम शाला के उस्ताद कैलाश सरसिया, खलीफा राजेश सोदे,सरपटे विक्की पथरोड़ एवं मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष राकेश जैन,जिला महामंत्री सत्यनारायण पाटीदार, जिला महामंत्री रोशन वर्मा का पंचायत के चौधरी रामु गोहर के द्वार सभी का साफा ओर पुष्पमाला से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष संदीप जी चौहान ने किया।

## पहला सुख निरोगी काया, फिट रहें, नशे से बचें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**नीमच**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तन और मन की शुचिता के साथ इनका स्वस्थ रहना भी हम सबके लिए बेहद जरूरी है। मनुष्य को पहला सुख निरोगी काया से ही मिलता है। इसलिए हमेशा फिजिकली फिट रहने की कोशिश करें और किसी भी प्रकार के नशे के सेवन से बचें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार की सुबह अटल पथ पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी नागरिकों विशेषतः युवाओं से यह अपील की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया मूवमेंट और नशामुक्त भारत अभियान के संकल्प पूर्ति एवं जन-जागरूकता के लिए आयोजित नमो युवा रन (मैराथन दौड़) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# हेलमेट न पहनने की छोटी सी लापरवाही का नुकसान पूरे परिवार को न भुगतना पड़े : मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री

**भोपाल** जीवन का सुरक्षा कवच है हेलमेट मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हेलमेट न पहनने की छोटी सी लापरवाही का नुकसान पूरा परिवार भुगतता है। आंकड़े बताते हैं कि देश में अप्राकृतिक मौतों का सबसे बड़ा कारण सड़क दुर्घटनाएं हैं। इसमें भी अधिकांश मौतें लापरवाही या तेज गति से वाहन चलाने, हेलमेट न पहनने या सीट बेल्ट नहीं लगाने से होती हैं। जिम्मेदार नागरिक होने के साथ परिवार के महत्व और दायित्व को समझते हुए अपनी स्वयं की सुरक्षा के लिए सभी वाहन चालकों का सचेत रहना जरूरी है। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य पहने, इस आशय का प्रण हमें लेना होगा। हेलमेट हमारे जीवन का सुरक्षा कवच है, यह सड़क हादसे में आपकी जान बचा सकता है। शारदीय नवरात्र के दिनों में जीवन रक्षा के प्रति जागरूकता के लिए आरंभ की गई सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह की पहल अनुकरणीय है। प्रदेशवासी हेलमेट पहने और सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियों का पालन करें, सभी से यही अपेक्षा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए शनिवार को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत अटल पथ पर आयोजित निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और दो पहिया वाहन रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में युवाओं को 2100 हेलमेट वितरित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप पांच दो पहिया वाहन चालकों मनोज निगम, संदीप बिसेन, सुमित प्रधान, एनसीसी कैडेट सुश्री सान्या सिद्दीकी और अंजली सिंह को हेलमेट पहनाकर जीवन का संदेश दिया।



### अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना युवाओं का है दायित्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह मना रही है। आज 2100 युवाओं को हेलमेट वितरित किए जा रहे हैं। भारत विश्व का सबसे युवा देश है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी युवा शक्ति ने विश्व के सम्मुख कई क्षेत्रों में विशेष पहचान बनाई है। अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना भी युवाओं का दायित्व है। यह आवश्यक है कि सड़कों पर तेज गति से वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें, यही एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य भी है।

### राहवीर योजना में 25 हजार रुपए के प्रोत्साहन की व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष पहल की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे पर पेट्रोलिंग दस्ते, चेकपोस्ट, सैंसर चेकपोस्ट के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। चालान बनाने के लिए डिजिटल चालान, स्पीडगन, लाइव ट्रेफिक मॉनीटरिंग, फास्टटैग जैसे संसाधनों से भविष्य में होने वाली घटनाओं को रोकने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। दुर्घटना की स्थिति में तत्परतापूर्वक आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की गई है। मानवीय संवेदनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सड़क हादसे के किसी घायल को अस्पताल पहुंचाने पर राज्य सरकार उस जिम्मेदार नागरिक को राहवीर योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है। साथ ही प्रदेश में सुरक्षित यात्रा और यातायात नियमों के पालन से संबंधित विशेष अभियान संचालित किए गए हैं। राज्य सरकार प्रदेश के हर नागरिक की बेहतरी के लिए प्रयासरत है, इसी के दृष्टिगत प्रदेश में सुशासन पर केन्द्रित सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

### 37 चौराहों को लेफ्ट टर्न फ्री करने का कार्य जारी : पुलिस आयुक्त श्री मिश्र

भोपाल पुलिस आयुक्त श्री हरिनायणचारी मिश्र ने कहा कि भोपाल में ट्रैफिक को सुचारू बनाने के लिए शहर के 37 चौराहों को लेफ्ट टर्न फ्री करने का कार्य हो रहा है। नगर निगम भोपाल के सहयोग से नगर के चौराहों को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की भावना के अनुरूप आरंभ किया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का संदेश, प्रदेश के सभी नगरों और ग्रामों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि देश में वर्ष 2024 में 1 लाख 80 लोगों की सड़क हादसे में जान गई है और 3 लाख लोग सड़क दुर्घटना में घायल हुए है। इससे सड़क दुर्घटना में होने वाली घटनाओं के प्रति गंभीरता बरती जाना जरूरी है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे हेलमेट पहने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाए और वाहन तेज गति से न चलाए।

### त्वरित सहायता के लिए डायल-112

प्रदेशवासियों की सुरक्षा और उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने 'डायल 112' वाहन सेवाएं शुरू की गई हैं। इस सेवा के अंतर्गत हाल ही में आधुनिक तकनीक से लैस 1200 फास्ट रिस्पांस व्हीकल पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं। इन वाहनों का उपयोग जरूरतमंदों तक तत्काल सेवा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी सहित जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

## नीमच सीटी में आयुष चिकित्सा शिविर सम्पन्न




**नीमच** : स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा , पोषण माह ,एवं स्वस्थ नारी एवं सशक्त परिवार अभियान के तहत निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आंगनवाड़ी केंद्र नीमच सिटी में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, चर्म रोग, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिशय, रक्त अल्पता, रक्तचाप, अर्श, गैस, अम्लपित, साइटीका, हृदय प्रमेह,आदि से पीड़ित रोगियों की जांच कर निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में 37 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। रोगियों को तनाव से मुक्ति , गर्भावस्था का आहार , स्वच्छता, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी दी गई।

## जिला कांग्रेस कमेटी करेगी महामाया भादवामाता जाने वाले भक्तों का स्वागत

### फलिहारी वितरण सेवा एवं दुपट्टा पहना करेंगे अभिनन्दन



**नीमच**- नीमच जिला कांग्रेस कमेटी नवरात्रि के महाष्टमी पर्व पर 30 सितंबर, मंगलवार को जिले के प्रसिद्ध आराध्य व् आरोग्य स्थल भादवामाता जी दर्शनार्थ जाने वाले भक्तों का स्वागत करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती के निर्देशन में कांग्रेसजन नीमच-गिरदोड़ा मार्ग के बीच भादवामाता रोड़ पर स्टाल लगाकर फलिहारी स्वल्पाहार वितरण कर पैदल जाने वाले भक्तजनों का अभिनंदन करेंगे।उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता भगत वर्मा ने बताया कि अंचल के सुप्रसिद्ध आरोग्य स्थल भादवामाता में अष्टमी के पावन पर्व पर हजारों भक्त पैदल दर्शन हेतु जाते हैं। सभी भक्तों की भावनाओं को बढ़ाने हेतु कांग्रेसजनों द्वारा फलिहारी स्वल्पाहार का वितरण कर भक्तजनों का दुपट्टे पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर शाम 6:00 बजे भादवा माता जी की आरती कर फलिहारी वितरण प्रारंभ किया जाएगा। इसी के साथ भादवामाता जी जाने वाले पैदल भक्तों के लिए चिकित्सा व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम संयोजक संदीप राठौर व बलवंत पाटीदार ने सभी कांग्रेस के साथियों से अपील की है कि स्वागत स्थल दरक वेयर हाउस नीमच-गिरदोड़ा रोड़ समय पर पहुंच कर अपनी सेवाएं प्रदान करें।

## अस्पताल में छह महीने से उपलब्ध नहीं कैंसर रोग की आवश्यक टैबलेट, मरीज हो रहे परेशान.....

नीमच जिले के जिला अस्पताल में सेमीथेलिया कैंसर रोग की एक आवश्यक टैबलेट Desirox 500 MG विगत छह महीने से उपलब्ध नहीं होने का मामला सामने आया है। सेमीथेलिया केंसर उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर एवं सीएमएचओ, नीमच से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## शत प्रतिशत उपभोक्ताओं को राशन का वितरण करें....सहायक आयुक्त सहकारिता डाबर ने किया उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण



**नीमच** : कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार, सहायक आयुक्त सहकारिता श्री राजू डाबर ने शनिवार को मनासा क्षेत्र की शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर उपभोक्ता को राशन वितरण कार्य का जायजा लिया उन्होंने ऐसी उचित मूल्य दुकान जिनका राशन वितरण कम है उनमे नलवा, बावडा, चन्द्रपुरा, हतुनिया, चचोर, पिपलिया हाडी, हांसपुर शासकीय उचित मल्य दुकानों का निरीक्षण कर प्रबंधक एंव सेल्समैन को आगामी 2 दिनो में हितग्राहियो को शत प्रतिशत राशन वितरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही शेष उचित मूल्य दुकानों के सेल्समैन एवं प्रबंधकों से दूरभाष पर चर्चा कर उन्हें भी शत प्रतिशत राशन वितरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उक्त सभी दुकानों पर राशन वितरण कार्य सुचारू रूप से होना पाया गया ।

## कार्यालय नगर परिषद जावद जिला नीमच(म0प्र0)

Ph- 07420 299054, Email- cmojawadmpurban.gov@gmail.com

क्रमांक—942 / 2025 जावद दिनांक 18 / 09 / 2025

### / /प्रथम एवं चतुर्थ ई– भुखण्ड आवंटन हेतु आमंत्रण सूचना/ /

एतद द्वारा समस्त केन्द्रीकृत प्रणाली एवं नवीन पंजीकृत प्रणाली के अंतर्गत नगर परिषद् जावद के स्वामित्व की भूमि पर निर्मित वार्ड 10 अठाना दरवाजा नाहरसिंह माता रोड पर स्थित कालोनी भुखण्ड का आवंटन, निर्धारित शर्तों एवं म.प्र. नगरपालिका (अचल सम्पत्ति अंतरण) नियम, 2016 के अंतर्गत प्रीमियम के उच्चतम ऑफर प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को (राईट ऑफ आक्यूपेशन) के आधार पर 30 वर्ष की अवधि के लिये अधिकतम प्रीमियम राशि के 0.5 प्रतिशत लीजरेंट राशि पर सक्षम प्राधिकारी की सक्षम स्वीकृति उपरांत किया जाना है। निम्नलिखित भुखण्डो की लिज रेंट निलामी हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

अठाना दरवाजा नाहरसिंह माता रोड पर स्थित कालोनी भूखण्ड विवरण

| क्र. | आनलाईन निविदा क्रमांक | भुखण्ड क्रमांक | भूखण्ड का आरक्षण | भूखण्ड का आकार (वर्ग मी. में) | भूखण्ड की प्रस्तावित प्रीमियम रूपये | भूखण्ड की अग्रिम अमानत राशि रू. | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD_377830_1 | 37 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 02 | 2024_UAD_377843 | 38 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 03 | 2024_UAD_378087_1 | 39 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 04 | 2024_UAD_378095_1 | 40 | अनुसूचित जाति | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 05 | 2024_UAD_378102_1 | 41 | पिछडा वर्ग | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 06 | 2024_UAD_378126_1 | 42 | पिछडा वर्ग | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 07 | 2024_UAD_378139_1 | 43 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 08 | 2024_UAD_378146_1 | 44 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 09 | 2024_UAD_378487_1 | 45 | विकलांग | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 10 | 2024_UAD_378492_1 | 46 | अनुसूचित जाति | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 11 | 2024_UAD_378495_1 | 47 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 12 | 2024_UAD_378514_1 | 48 | पिछडा वर्ग | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 13 | 2025_UAD_452281_1 | 49 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 14 | 2025_UAD_452282_1 | 50 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 15 | 2025_UAD_452289_1 | 51 | अनुसूचित जन जाति | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 16 | 2025_UAD_452432_1 | 52 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 17 | 2025_UAD_452453_1 | 53 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 18 | 2025_UAD_452468_1 | 54 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 19 | 2025_UAD_452483_1 | 55 | पिछडा वर्ग | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 20 | 2025_UAD_452499_1 | 56 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 21 | 2025_UAD_452540_1 | 57 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 22 | 2025_UAD_452543_1 | 58 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 23 | 2025_UAD_452657_1 | 59 | अनारक्षित महिला | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 24 | 2025_UAD_452728_1 | 60 | अनारक्षित | 6.00x 9.00 = 54 वर्ग मीटर | 356400/- | 20000/- | 2000/- |
| 25 | 2023_UAD_309898_4 | 18 | अनुसूचित जन जाति | 9.00x 15.00 वर्ग मीटर | 891000/- | 20000/- | 2000/- |
| 26 | 2023_UAD_309898_4 | 18 | अनुसूचित जन जाति | 9.00x 15.00 वर्ग मीटर | 891000/- | 20000/- | 2000/- |
| 27 | 2023_UAD_309989_4 | 28 | अनारक्षित | 9.00x 15.00 वर्ग मीटर | 891000/- | 20000/- | 2000/- |
| 28 | 2023_UAD_309990_4 | 29 | अनारक्षित | 9.00x 15.00 वर्ग मीटर | 891000/- | 20000/- | 2000/- |
| 29 | 2023_UAD_310007_4 | 34 | अनारक्षित | 9.00x 15.00 वर्ग मीटर | 891000/- | 20000/- | 2000/- |
| 30 | 2023_UAD_310012_4 | 35 | अनारक्षित | 9.00x 15.00 वर्ग मीटर | 891000/- | 20000/- | 2000/- |
| 31 | 2023_UAD_310016_4 | 36 | पिछडा वर्ग | 9.00x 15.00 वर्ग मीटर | 891000/- | 20000/- | 2000/- |

शर्ते :–

1. आनलाईन भुखण्ड निलामी निविदा प्रपत्र दिनांक 18 / 09 / 2025 से दिनांक 03 / 09 / 2025 सायं 18.00 बजे तक कय https://mptenders.gov.in पर किये जा सकते है !

| (सोहनलाल माली ) | (सुचित सोनी ) | (जगजीवन शर्मा ) |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | मुख्य नगरपालिका अधिकारी |
| नगर परिषद जावद | नगर परिषद जावद | नगर परिषद जावद |

## विश्व हृदय दिवस पर 105 मरीजों की जांच




**नीमच**। जिला चिकित्सालय नीमच में सिविल सर्जन डॉ महेंद्र पाटील के मार्गदर्शन में विश्व हृदय दिवस मनाया गया जिसमें 105 मरीज आए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर में आने मरीज़ों की बीपी- शुगर, फैटी लीवर की जांच एव कैंसर की स्क्रीनिंग की गई शिविर में डॉ. मनीष यादव ऐनसीडी नोडल अधिकारी, डॉ भान प्रताप अहिरवार असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिसिन, डॉ विनय वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिसिन के द्वारा मरीजों की जाँच, परामर्श एवं उपचार किया गया एवं 21 मरीज की ई. सी. जी. की जांच की गई।

## सेवा पखवाड़ा के तहत मनासा में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर सम्पन्न




**नीमच**। शासकीय आयुर्वेद औषधालय मनासा द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान, सेवा पखवाड़ा एवं पोषण माह के तहत निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर सोमवार को वार्ड नं.13 की आंगनवाड़ी मनासा में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास,कास,प्रतिशाय, रक्त अल्पता, रक्तचाप,, मधुमेह आदि बीमारियों की जांच कर, निःशुल्क औषधीयां वितरित की गई। शिविर में कुल 33 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में डॉ.मदनलाल पाटीदार ने अपनी सेवाएं दी।शिविर में श्रीमती ऊषा गहलोद, श्रीमति रजिया बी ने भी सहयोग प्रदान किया।

## ग्राम पंचायतों में स्वच्छता केंद्रित ईकाई के कार्य जारी

**नीमच**। सेवा पखवाडा, स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत नीमच जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक स्वच्छता केंद्रित इकाई (CTU अस्वच्छ स्थल) का चिन्हित कर उसे स्वच्छ स्थल में परिवर्तित करने के लिए कार्य किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के नेतृत्व में सभी ग्राम पंचायतों में अस्वच्छ स्थलों की साफ सफाई कर, स्वच्छ स्थलों में परिवर्तित करने का कार्य किया जा रहा है। जिले में 243 ग्राम पंचायत में 270 CTU का चिन्हांकन कर, उन्हें ग्रामीणो के सहयोग से स्वच्छ स्थलों में परिवर्तित किया है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम वन समिति ने किया पौधारोपण



नीमच वनमण्डल नीमच अन्तर्गत वनपरिक्षेत्र नीमच द्वारा सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक मनाया जा रहा है इसके तहत वन परिक्षेत्र नीमच के तत्वाधान में ग्राम वन समिति पिपलिया जागीर द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार की उपस्थिति में पौधारोपण संपन्न हुआ। इस मौके पर वनवनमंडलाधिकारी श्री एसके अटोदे, उप वनमंडलाधिकारी श्री दशरथ अखंड, वनपरिक्षेत्र अधिकारी श्री पीएल गहलोत, श्री मदन गुर्जर, ग्राम वन समिति पिपलिया जागीर अध्यक्ष श्रीमती लीलाबाई, जनपद सदस्य श्रीमती सुनीता लबाना, सरपंच हरवार श्री नरेंद्रसिंह जाट, सरपंच घसुंडी जागीर श्री अम्बालाल रावत, सरपंच अमावली जागीर श्री रमेश, श्री दिलीप सिंह चौहान एवं किशन अहिरवार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, वन समिति सदस्य एवं वन स्टाफ उपस्थित उपस्थित होकर पौधारोपण किया। वन विभाग की ओर से ग्राम वन समिति पिपलिया जागीर को सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए रसोई बनाने के लिए बर्तन विधायक श्री परिहार की उपस्थिति में दिए गए। अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा वनों के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सरपंच श्री मनोहर रावत ने किया।

# दस दिवसीय नवरात्रि का गरबा भक्ति धारी उठा रहे अतिरिक्त लाभ, डायमंड रोटरी डांडिया पंडाल में जमकर हुआ गरबा भक्ति रास





नीमच। पावन नवरात्रि का अंतिम पूर्व दिन डायमंड रोटरी डांडिया पंडाल में बहुत खास था । माता रानी को विशेष चुनरी भेंट की गई । डांडिया संयोजक हेमंत भंडारी, कमल मंगल, दीपक मुंदडा, आशीष गर्ग बामन बर्डी, गौरव पाराशर ने संयुक्त रूप से बताया कि अरुल अशोक गंगानगर प्रेजेंट्स डायमंड रोटरी डांडिया - अंचल का एकमात्र भव्य गरबा आयोजन में गरबा धारियों ने अंतिम पूर्व दिन पर जमकर गरबा रास किया । इस बार तिथी में एक दिन की बढ़ोत्तरी के कारण 10 दिवसीय नवरात्रि त्योहार मनाया जा रहा है, दस दिवसीय गरबा होने के चलते गरबा प्रतिभागियों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। बीते दिनों की अपेक्षा काफी देर तक गरबा आयोजन चला विभिन्न ग्रुप के प्रतिभागियों ने अपनी श्रेष्ठतम प्रस्तुतियां दी । प्रतिदिन उत्कृष्ट गरबा प्रदर्शन के लिए मिलने वाले पुरस्कारों के श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाले गरबा ग्रुपों को मेघा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिसके चलते विभिन्न रंग रूप और विधाओं में गरबा रास देखने को मिला । कोई ग्रुप पटाखा डांडियों से गरबा खेल रहा था तो कोई अलग नृत्य शैली में भगवान भोलेनाथ का भेष धारण कर गरबा प्रदर्शन कर रहा था । नन्हे प्रतिभागी माताजी के भेष में नजर आए । बड़े उत्साह के साथ अतिथियों ने गरबा रास देखा । लाल नीला हरा पीला हर रंग की झलक पोशाक के रूप में नजर आई । सभी प्रांतों का गरबा नृत्य अलग-अलग ग्रुप ने प्रस्तुत किया आदिवासी नृत्य शैली आकर्षण का केंद्र रहेगी । इन सबसे अलग हटकर रोटरी डायमंड के सदस्यों ने आयोजन के विभिन्न स्तर पर व्यवस्था संभाल रखी हुई थी । अंतिम पूर्व दिन की गरबा रास प्रस्तुति में उत्कृष्टता के साथ ही गरबा पांडाल पर रोशनी ओर साज सज्जा सज भी बढ़ी हुई दिखाई दी । अष्टमी - नवमी का त्यौहार होने के बावजूद बड़ी संख्या में दर्शक गरबा रास देखने पहुंचे । रोटरी डायमंड के वर्तमान अध्यक्ष सौरभ शर्मा, सचिव आशीष सैनी और कोषाध्यक्ष भुवनेश शर्मा ने बताया कि अतिथियों ने गरबा स्थल पर पहुंचकर सबसे पहले माता रानी की आरती की पश्चात अतिथियों का अभिनंदन किया गया। ज्ञात हो कि रोटरी डायमंड के गरबा आयोजन को देखने के लिए नीमच ही नहीं आसपास के जिलों से भी कई बड़ी संख्या में माता रानी के भक्त आते हैं इस बार भी कई ग्रुप ने रोजाना एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देना जारी रखा है। इस गरबा आयोजन के प्राइम स्पॉन्सर हैं जय श्री गणेश ट्रेवल्स, ज्ञानोदय मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, किडजी स्कूल, सेनी पान, को स्पॉन्सर है नित्यम आर्ट ज्वैलर्स, लस्सी मक्खन दा ढाबा, गोपी मिष्ठान, प्लेयर्स फ्यूजन, मंगलम होटल एंड रिजॉर्ट्स, द ब्रांड हब इलेक्ट्रॉनिक होम किचन अप्लायंसेज, शर्मा टिंबर प्लाईवुड, सुराना सैनिटरी, मैट्रिक्स फैमिली सेलून, होटल राजस्थानी, श्री एस आर ग्रुप ऑफ कॉलेज, द होली फूड कैफे एंड रेस्टोरेंट,बी एल नागदा कॉन्ट्रेक्टर और इंजीनियर और अरिहंत फ्लेक्स । डांडिया आयोजन व्यवस्थाओं को संभालने में रोटरी क्लब डायमंड के कमल आंजना, दीपक ऐरन, सुमित मित्तल, धीरज गांधी, गुणवंत जैन, दिलीप जोशी, हर्ष शर्मा, कृष्णा शर्मा, गोपाल शर्मा, अभय नाहर, अनुज माहेश्वरी, गोविंद सैनी, हिमांशु अहीर, करणवीर सिंह, लोकेन्द्र अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, प्रवीण गोदावत, राज साहू, संदीप दरक, संजय सोनी, सिद्धार्थ जैन, सोहित पोरवाल, सुनील सोनी अजीत कोठीफोडा, संजय कोठारी, आशीष गर्ग (गगन), पंकज मूंदड़ा सहित सभी रोटरी डायमंड सदस्य गण व पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मोटरसाइकिल विथ आइस बॉक्स, पेन कैचर और केज कल्चर से मछुआरा समितियां हो रहीं आर्थिक रूप से सक्षम

**नीमच**। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) देशभर में मछुआरों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और मत्स्य व्यवसाय को नई दिशा देने का काम कर रही है। मध्यप्रदेश के नीमच जिले की विभिन्न मत्स्य सहकारी समितियां इस योजना का सीधा लाभ उठा रही हैं।इस योजना के तहत छोटे मछुआरों को मत्स्य परिवहन के लिए मोटरसाइकिल, तीन पहिया रिक्शा और साइकिल विथ आइस बॉक्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र सरकार इन साधनों पर 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान देती है। इससे मछुआरे ताजा मछलियों को सुरक्षित रखकर बाजार में बेहतर दामों पर विक्रय कर पा रहे हैं। साथ ही बंद ऋतु के दौरान "बचत सह राहत योजना" के अंतर्गत पात्र मछुआरों को प्रतिवर्ष 3000 रूपयेकी आर्थिक सहायता सीधे बैंक खातों में दी जा रही है। नीमच जिले के रतनगढ़ क्षेत्र के नया पुराना डेम पर जय जोगणिया मत्स्य सहकारी समिति को इस योजना का बड़ा लाभ मिला है। समिति ने यहां पहली बार 2 पेन कैचर स्थापित किए हैं,


## कार्यालय नगर परिषद् सरवानिया महाराज़, जिला नीमच(म.प्र.)

क्रमांक / 699 / दशहरा / 2025 सरवानिया महाराज ,दिनांक 18 / 09 / 2025

!! ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना !!

नगर परिषद सरवानिया महाराज मे दिनांक 02.10.2025 दशहरा पर्व पर आर्केस्टा का आयोजन किया गया है जिसमे कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु ऑनलाईन पद्वति से www.mpetender.gov.in के माध्यम से ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्यक्रम का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_452683_1 | ऑकेस्ट्रा दिनांक 02.10.2025 | 1,20,000 / — | 2400 / — | 1000/- |

शर्तेः—

1. निविदा प्रकाषन दिनांक 18 / 09 / 2025 से ऑनलाईन बीड प्रस्तुत करने की तिथि दिनांक 25 / 09 / 2025 सायं 15:00 बजे तक क्रय किये जा सकते है।
2. भुगतान निकाय की आर्थिक स्थिति अनुसार किया जावेगा।

(रामलाल राठौर)
उपाध्यक्ष
नगर परिषद सरवानिया महाराज

(अब्दुल रउफ खान )
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सरवानिया महाराज

(रूपेन्द्रसिंह जैन)
अध्यक्ष
नगर परिषद सरवानिया महाराज

# मुल्तानपुरा चौकी प्रभारी की टीम की कार्यवाही, 2 किलो गांजा सहित एक तस्कर गिरफ्तार



ब्यूरो रिपोर्ट- निखिल सोनी

**मंदसौर।** थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह मंगोलिया के नेतृत्व में, मुल्तानपुरा चौकी प्रभारी उनि कपिल सौराष्ट्रीय की टीम डोडाचूरा तस्कर को किया गिरफ्तार। जानकारी अनुसार दिनांक 24 सितंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक कार क्रमांक MP-04 CL-0651 में अवैध गांजा परिवहन किया जा रहा है। पुलिस टीम ने रेवास देवड़ा रोड, देव डुंगरी माताजी फंटा पर घेराबंदी कर कार को रोका। चालक ने अपना नाम फज्जु पिता मुश्ताक कागला मुल्तानी (32 वर्ष), निवासी कोडिया डेरा मुल्तानपुरा बताया। कार की तलाशी में 2 किलो अवैध गांजा (कीमत लगभग 20,000 रुपये) बरामद हुआ। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त कार (कीमत लगभग 5 लाख रुपये) भी जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

# इन दिनों पुरा अंचल मां शक्ति की भक्ति में रमा हुआ है, देवी मंदिरों में जय माता दी के जयकारों से गूंजायमान है

## दुर्गा महाष्टमी यज्ञ- हवन, पूजन में देश में अमन चैन सुख समृद्धि और खुशहाली हेतु आहुतियां दी गई और हुआ महाप्रसाद का वितरण

ब्यूरो रिपोर्ट- भगत मांगरिया

**चीताखेड़ा।** इन दिनों पूरे समूचा अंचल नवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था के सैलाब में समाया हुआ है, मां के प्रति भक्तों में भक्ति का जज्बा सिर चढ़कर बोल रहा है , माता के भक्तों ने जय माता दी...,जय माता दी जय कारे लगाते हुए मां आवरी की चौखट पर पहुंच दिव्य दर्शन कर मांगी गई मुरादें पूरी होने पर मां का आभार प्रकट किया। देवी मंदिरों में सुबह से जय माता दी के जयकारों और शंखनाद ,बंटी -घड़ियाल की ध्वनि से गूंज रहा है अंचल। आरोग्य देवी महामाया आवरी माता, अंबे माता, शीतला माता ,कामाख्या देवी समेत पूरे अंचल के सभी देवी मंदिरों में अल सुबह से प्रतिदिन आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दुर्गा अष्टमी यज्ञ हवन पूजन प्रारंभ हुआ जो दोपहर तक चला। विशेष आरती के पश्चात् महाप्रसाद वितरण की गई। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को दिन भर मां आवरी के दरबार में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा दिन भर मेला जैसा मंजर लगा रहा।अल सुबह से देर रात तक बड़ी संख्या में आवाजाही बनी हुई रही । कई जिलों के शहरों एवं ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में मां जगदंबा के प्रति आस्था रखने वाले मां के भक्त मन में अगाध श्रद्धा लिए मां आवरी माता के दिव्य दर्शन हेतु बड़ी संख्या में उमड़े । इन दिनों मां की शक्ति में भक्ति भक्तों द्वारा नौ दिनों के लिए मां को प्रसन्न करने के लिए कोई व्रत ,उपवास तो किसी ने भोजन का त्याग तो किसी ने जल का त्याग (निर्जल ),तो कोई चप्पल, जुते का त्याग कर मां जगदंबा को रिझाने में लगे हुए हैं। चीताखेड़ा के समीप माता का खेड़ा की पावन धरा पर धाम आरोग्य देवी महामाया आवरी माता जी के अलौकिक दरबार में विराजित मां जगदंबा के दिव्य दर्शन के लिए युवा, बुजुर्ग ,बच्चे ,महिला -पुरुष नंगे पांव पैदल चलकर मनोकामना पूर्ण करने के लिए मां की चौखट पर मत्था टेकने पहुंच रहे हैं। हर वर्ष की भांति इस बार भी शारदीय नवरात्र पर्व के आठवें दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दुर्गा अष्टमी यज्ञ- हवन पूजन शुरू हुआ जो दोपहर तक चला। यज्ञ में देश में अमन शांति, सुख-समृद्धि और खुशहाली तथा महामारी से सुरक्षा दृष्टि से आहुतियां दी गई। यज्ञ हवन की पूर्णाहुति के पश्चात् विशेष आरती कर महाप्रसाद वितरण की गई।



# मल्हारगढ़ पुलिस ने 24 घंटे में किया चोरी का खुलासा, अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** मल्हारगढ़ पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के तीन महिला सहित दो पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 06 जोड़ी चांदी की पायजब, 02 मोटरसाइकिल समेत कुल 2.11 लाख की मशरूका बरामद की गई है।दिनांक 28 सितंबर 2025 को फरियादी तुषार सोनी (उम्र 21 वर्ष, निवासी सदर बाजार, मल्हारगढ़) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी शिवम ज्वैलर्स दुकान से तीन अज्ञात महिलाओं ने 02 जोड़ी चांदी की पायजब चोरी कर ली। मामले में थाना मल्हारगढ़ पर अपराध क्रमांक 252/2025 धारा 303(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया गया।

### पुलिस कार्रवाई

टीआई राजेंद्र कुमार पवार ने टीम बनाकर तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर सूचना के आधार पर 29 सितंबर को नीमच बाईपास जेतपुरा से गिरोह के पांच सदस्यों को दबोच लिया।

### गिरफ्तार आरोपी—

प्रीति पति गोलु बागरी (20) निवासी बरजलिया, कोटा

# रतलाम में फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांच, डायमंड एफसी ने किया खिताब पर खिताब

ब्यूरो रिपोर्ट - निखिल सोनी

**रतलाम।** रियल टर्फ ओकल रोड पर दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में रतलाम सहित आसपास की कई टीमों ने भाग लिया और दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दो दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। फाइनल मुकाबला डायमंड एफसी और मन फाइटर एफसी के बीच खेला गया। खेल की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया और मैदान पर जोश देखा गया। दर्शक भी दोनों टीमों का उत्साह बढ़ाने में पीछे नहीं रहे।



मुकाबले के पहले हाफ में ही डायमंड एफसी ने बढ़त बना ली। मन फाइटर एफसी ने कोशिश की, लेकिन डायमंड एफसी ने शानदार तालमेल और रणनीति के साथ खेल दिखाया और अंत में 3-0 से जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मैच के बाद विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और सम्मान पत्र प्रदान किए गए। आयोजन समिति के सदस्यों ने विजेता व उपविजेता टीम को बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजक इमरान खान, रिजवान शेख, जूली भैया, विजय सोलंकी और मोहसिन मंसूरी का विशेष योगदान रहा। आयोजनकर्ताओं ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करते हैं।

# गेंहू,अलसी, रायड़ा, चना का उत्पादन अच्छा होगा, तीन मावठा, दो पाला और दो ओलावृष्टि होगी

## श्री गुर्जरखेड़ा धाम जावी में महानवमी पर पाती विसर्जन के बाद हुई छमाही भविष्यवाणी

**जावी।** नीमच जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कमल सरोवर की नगरी जावी के जावी - सरवानिया महाराज मार्ग पर स्थित दीन दुखियों के शरण स्थल श्री गुर्जरखेड़ा धाम जावी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां नवदुर्गा के आराधना पर्व शारदीय नवरात्री के पावन अवसर पर महानवमी को पाती विसर्जन एवं छमाही भविष्यवाणी हुई। उक्त सन्दर्भ में जानकारी देते हुए श्री गुर्जरखेड़ा धाम मन्दिर प्रबंध समिति एवं सेवादार समिति सदस्यों ने बताया कि प्रातः से ही मन्दिर पर स्थापित देवों का श्रृंगार सहित पं.घनश्याम शास्त्री (त्रिवेदी) पालसोड़ा द्वारा वैदिक मंत्रोंपचार से पूजन, अर्चन, हवन, कन्या पूजन हुआ ओर महाआरती हुई। ततपश्चात पंडाजी घनश्याम लौहार के तन में श्री गुर्जरखेड़ा सरकार पधारें और अन्य देवताओं के आह्वान के बाद मन्दिर की एक परिक्रमा कर वटवृक्ष के नीचे स्थित नाग बामी का पूजन, अर्चन कर आरती की। ततपश्चात जलकुंभ में पाती का विसर्जन कर श्री गुर्जरखेड़ा सरकार पंडाजी के श्रीमुख से छमाही भविष्यवाणी करते हुए कहा कि आने वाले 10 से 15 दिन और बारिश होगी कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश होगी आने वाले 6 माह में तीन मावठे गिरेंगे, दो पाला गिरेगा और पाला कहीं कम तो कहीं ज्यादा गिरेगा जिससे नुकसान होगा। दो ओलावृष्टि होगी पहली ओलावृष्टि में ओले छोटे आकार के गिरेंगे और दूसरी ओलावृष्टि में ओले बड़े आकार के गिरेंगे जिससे नुकसान होगा। आगामी 6 माह में कोई भी भयंकर बीमारी नहीं आएगी सामान्य बीमारियां चलेगी। आने वाले 6 माह में कोई भी बड़ी विकराल समस्या नहीं होगी सामान्य स्तिथि बनी रहेगी कही कही विवाद की स्थिति पैदा होगी हम सभी को अपने धर्म पर रहना चाहिए धार्मिक आयोजनों में खींचतान की स्तिथि निर्मित नही हो इसलिए सभी को संयम में रहना चाहिये जिससे आपसी मनमुटाव नहीं होगा और सभी अपना कर्म करते रहें। राजनीति में जोरदार खींचतान व उठापटक होगी जिन्हें राजनीति का ज्ञान नहीं है उन्हें हस्तक्षेप नहीं करना है नहीं तो स्वयं का नुकसान कर लेंगे। आगामी छमाह में दो बार खेड़ा देवता पूजना है जहां धर्म की निष्ठा रहेगी वहां फसलों का उत्पादन भी अच्छा होगा और किसी प्रकार का रोग दोष भी नहीं आएगा जहां दो खेड़ा देवता पूजे जाएंगे उस गांव में सुख समृद्धि और शांति बनी रहेगी। श्री गुर्जर खेड़ा सरकार ने आगामी छमाही भविष्यवाणी करते हुए कहा कि गेहूं, अलसी, रायडा का उत्पादन अच्छा होगा चने की पैदावार भी अच्छी होगी परंतु पाला गिरने से आंशिक नुकसान होगा परंतु पैदावार अच्छी होगी। लहसुन का उत्पादन कहीं-कहीं 75 प्रतिशत तो कहीं 50 प्रतिशत ही होगा रोग ज्यादा आएगा। मेथी में पौधे सूखने का रोग आएगा जिससे उत्पादन प्रभावित होगा परंतु स्थिति सन्तुष्टि पूर्ण रहेगी। आने वाले छमाह में दुर्घटनाएं अधिक होगी वाहनों को सावधानी से चलाएं। जो सावधानी और सतर्कता बरतेंगे और संयम में रहेंगे उन्हें दुख झेलना नहीं पड़ेगा। श्री गुर्जरखेड़ा सरकार ने कहा कि मैं यह जो सुना रहा हूं यह देव वाणी है जो एक आसरा मात्र है सभी को अपनी बुद्धि ओर विवेक का उपयोग करना है। आने वाले समय में सोयाबीन 4500 से 4800 और थोड़े समय बाद 4800 से 5300 और आंशिक तेजी के भाव रहेंगे, लहसुन 5000 से 7000 और थोड़ी बढ़त लिये रहेगी दीपावली के आसपास 7000 से 11000 और 11500 के भाव रहेंगे जैसी जिसकी उपज होगी उसे वैसा भाव मिलेगा, प्याज के भाव मे तेजी के आसार नही है 1200 से 1600 के भाव रहेंगे बड़ी मुश्किल से 2000 तक के भाव रहेंगे। चना 5500 से 6000 और 6500 के भाव रहेंगे, डॉलर चना 8000 से 10000 और 10500 के भाव रहेंगे अपनी बुद्धि का उपयोग करना है ज्यादा तेजी नहीं आएगी। मूंगफली 4500 से 5000 और 6000 के आसपास के भाव रहेंगे, तिल 8000 से 12000 और आंशिक तेजी मंदी रहेगी, करंजी 18000 से 22000 और 22500 के भाव रहेंगे, चीया 18000 से 21000 और 21500 के भाव रहेंगे आंशिक उतार चढ़ाव की स्थिति बनेगी, असगंध 28000 से 29000 और 32000 तक के भाव रहेंगे, ग्वार में थोड़े समय और मंदी रहेगी उसके बाद 5000 से 5500 और उसके और उससे भी अधिक बढ़त की स्थिति रहेगी, धनिया 7000 से 9500 और बढ़त के भाव रहेंगे, अजवाइन में वर्तमान स्थिति से 200 से 500 की तेजी रहेगी भारी तेजी मंडी अजवाइन में नहीं आएगी, इशोकगुल में वर्तमान स्थिति में थोड़े समय और तेजी रहेगी उसके बाद वर्तमान स्थिति से आंशिक उतार-चढ़ाव की स्थिति बनेगी, किनोवा 3000 से 3500 के भाव रहेंगे ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं होगा, गेहूं 2600 से 3000 और 3200 से 3400 के भाव रहेंगे, मक्का 1800 से 2200 और आंशिक बढ़त रहेगी, जौ 2200 से 2700 के भाव रहेंगे, मसूर 6500 से 7000 और आंशिक बढ़त रहेगी, अलसी 7000 से 7500 और 8000 के भाव रहेंगे आंशिक उतार-चढ़ाव की स्थिति बनेगी, मूंग 6500 से 7000 और आंशिक बढ़त रहेगी। श्री गुर्जरखेड़ा सरकार ने कहा कि देववाणी से तालमेल होना शुरू हो जाए तो अपनी बुद्धि का उपयोग करना और अपनी उपज को अच्छे दामों में विक्रय करना, आने वाले समय में सोना चांदी और बढ़त में रहेगा उतार की स्थिति नजर नहीं आ रही है, लौह व्यापार सामान्य रहेगा, वस्त्र व्यापार में सामान्य उतार-चढ़ाव रहेगा, किराना व्यापार सामान्य रहेगा जो मंदी होना थी वह हो चुकी है। श्री गुर्जरखेड़ा सरकार ने जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि संसार में कर्म और धर्म दोनों को एक साथ लेकर चलना चलेंगे तो आनंद में रहेंगे धर्म और कर्म जैसे तन और श्वास जैसा है, कर्म करते रहना और धर्म की राह पर चलना, अपने माता-पिता की सेवा करना, गौ माता की शरण में रहना उनकी सेवा करना उनकी रक्षा करना, साधु, संत, अतिथि का आदर सत्कार करना, प्रकृति की रक्षा करना, पेड़ पौधे लगाना क्योंकि मनुष्य भगवान को खोज रहा है और भगवान मनुष्य की खोज कर रहा है कि कौन मेरे बताएं मार्ग पर चलता है। उक्त जानकारी श्री गुर्जरखेड़ा धाम मन्दिर समिति संरक्षक/ प्रवक्ता दिलीप पाटीदार जावी ने दी।





# नीमच में डांडिया उत्सव की धूम, गरबा उत्सव में रमा नीमच-हर गली में हो रही हैं मां की आराधना

**नीमच** की गांधी वाटिका स्थित डायमंड रोटरी डांडिया गरबा उत्सव में विशेष आयोजन हुआ। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों ने गुरुवार रात 10:30 बजे शस्त्र पूजन किया। यह आयोजन नवरात्रि के दौरान प्रतिवर्ष किया जाता है। विहिप के जिला पदाधिकारी विनोद जायसवार के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। रोटरी डायमंड क्लब के पदाधिकारी और गरबा भक्तिधारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## शस्त्रों का पूजन करने कार्यकर्ता।

कार्यक्रम में मातृशक्ति जिला सहसंयोजिका उर्वशी रावत, विहिप के दिनेश शर्मा, संजय चौरसिया और कपिल बैरागी शामिल हुए। प्रखंड पदाधिकारी नितिन बागड़ी, पवन जयसवार, तूफान सिंह धनगर समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। रोटरी डायमंड क्लब की ओर से अध्यक्ष सौरभ शर्मा, सचिव आशीष सैनी और कोषाध्यक्ष भुवनेश शर्मा ने भाग लिया। डांडिया संयोजक हेमंत भंडारी, कमल मंगल, दिपक मूंदड़ा और आशीष गर्ग भी मौजूद रहे। इस पारंपरिक आयोजन में बड़ी संख्या में गरबा प्रेमियों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम में मातृशक्ति जिला सहसंयोजिका उर्वशी रावत, विहिप के दिनेश शर्मा, संजय चौरसिया और कपिल बैरागी शामिल हुए। प्रखंड पदाधिकारी नितिन बागड़ी, पवन जयसवार, तूफान सिंह धनगर समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। रोटरी डायमंड क्लब की ओर से अध्यक्ष सौरभ शर्मा, सचिव आशीष सैनी और कोषाध्यक्ष भुवनेश शर्मा ने भाग लिया। डांडिया संयोजक हेमंत भंडारी, कमल







मंगल, दिपक मूंदड़ा और आशीष गर्ग भी मौजूद रहे। इस पारंपरिक आयोजन में बड़ी संख्या में गरबा प्रेमियों ने हिस्सा लिया।

### पोषण माह पर विभिन्न गतिविधियाँ, महिला बाल विकास परियोजना जावद के नवीन कार्यालय भवन का उद्घाटन

**जावद।** महिला बाल विकास परियोजना जावद अंतर्गत सेक्टर जावद-1 एवं जावद-2 में पोषण माह के तहत थीम अनुसार गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वनिर्मित खिलौनों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान अंतर्गत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना जावद के नवीन कार्यालय भवन का भी उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम प्रीति संघवी और तहसीलदार नवीन गर्ग उपस्थित रहे। सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी आभा पाटीदार, सेक्टर पर्यवेक्षक रेखा जोरिया, जमुना धाकड़, सरिता चौहान, जहांआरा मिर्जा, हीरा मीणा, सहायक ग्रेड दीक्षा पाटीदार, ब्लॉक की समस्त कार्यकर्ता, महिला एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित थीं।

# हिन्दी महोत्सव 2025 का हुआ समापन, माहभर मातृभाषा ने करवाए डिजिटल प्रतियोगिताएँ एवं विभिन्न कार्यक्रम

**इन्दौर।** हिन्दी भाषा को प्रचारित, प्रसारित करने के उद्देश्य से सितम्बर माह को मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा हिन्दी माह के रूप में मनाया जाता है। इस माह में संस्थान द्वारा हिन्दी महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। विगत 6 वर्षों से लगातार मनाए जा रहे हिन्दी महोत्सव 2025 के अंतर्गत देश के विभिन्न शहरों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं संस्थान द्वारा डिजिटल रूप से प्रतिदिन हिन्दी की विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। संस्थान की दिल्ली एवं इंदौर इकाई द्वारा आयोजित हिन्दी माँ के पूजन से हिन्दी महोत्सव 2025 आरम्भ हुआ। इसके बाद इन्दौर, दिल्ली, बिलासपुर, सनावद सहित कई शहरों में लघुकथा मन्थन, प्रतिभा सम्मान, विद्या रत्न सम्मान, भाषा सारथी सम्मान, पुस्तक विमोचन, कविताई, जीवन गौरव सम्मान, बाल कवि सम्मेलन इत्यादि कई आयोजन हुए। इसी के साथ मातृभाषा.कॉम द्वारा प्रारंभिक 15 दिनों में डिजिटल प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिसमें सैंकड़ों साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। डिजिटल महोत्सव का संयोजन संस्थान की राष्ट्रीय सचिव भावना शर्मा व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिखा जैन ने किया। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर शुभकामनाएँ दीं। साथ ही, संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश इकाइयों ने सभी प्रतिभागियों को सहभागिता के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। सितम्बर माह के अंतिम दिन हिन्दी महोत्सव का समापन हुआ



## खौफनाक हादसा! माथा टेकने देवास जा रहे थे दोस्त, डिवाइडर बना काल

**इंदौर** शहर के व्यस्ततम पलासिया चौराहे पर सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों युवक खंडवा के रहने वाले थे और देवास स्थित माता टेकरी के दर्शन के लिए निकले थे।

### देवास दर्शन का सफर रहा अधूरा

पलासिया पुलिस के अनुसार, घटना रात करीब 2 बजे की है। मृतक की पहचान आकाश (23) पुत्र कीर्तन बसोरे, निवासी सुलगांव (खंडवा) के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक का नाम लक्की (18) पुत्र ब्रजेश है, जो श्रद्धा सबूरी कॉलोनी का निवासी है। जानकारी के मुताबिक, लक्की इंदौर में एक चायनीज दुकान पर काम करता है।



दुकान के मालिक और उनकी पत्नी भी दूसरी गाड़ी पर उनके साथ देवास के लिए निकले थे।

### परिवार में शोक की लहर

पुलिस ने बताया कि मृतक आकाश एक मेडिकल पर काम करता था। उसके परिवार में माता-पिता और एक भाई ओमप्रकाश हैं, जो गांव में रहकर खेती करते हैं। वहीं, घायल लक्की के पिता ड्राइवर हैं और परिवार में उसके अलावा माता-पिता और एक छोटी बहन है। घटना की सूचना मिलते ही दोनों के परिवारों में मातम पसर गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## कुकड़ेश्वर में गरबे की धूम, प्रशासन ने किया पंडालों का निरीक्षण

**कुकड़ेश्वर।** शारदीय नवरात्रि का पर्व 22 सितंबर, सोमवार से शुरू हो गया। नगर में जगह-जगह माँ जगदंबे का पूजन-अर्चन किया गया। शाम 7 बजे से विभिन्न गरबा पंडालों में आरती और पूजन के साथ गरबे का आयोजन शुरू हुआ, जिसमें नन्ही बालिकाओं ने मनमोहक गरबा रास प्रस्तुत किया। नगर के आदिशक्ति माँ भवानी पंडाल, भटवाड़ा मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला, भवानी माता मंदिर, रंगारा चौक, श्रीराम मंदिर चौक, जैन मंदिर चौक, मीणा चौक, ब्राह्मण मोहल्ला, लालबाई फूलबाई मंदिर और चंद्रकला कॉलोनी में प्रतिदिन रात्रि गरबा रास का आयोजन किया जाएगा।

# सोनम वांगचुक के समर्थन में उतरे दिग्विजय सिंह, कहा- उनके साथ हो रहा अनुचित व्यवहार निंदनीय

**इंदौर** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने लद्दाख में 24 सितंबर को हुई हिंसा के बाद गिरफ्तार किए गए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का समर्थन किया है। दिग्विजय सिंह ने कहा, "मैं सोनम वांगचुक को लंबे समय से जानता हूं। हाल ही में संसद की स्थायी समिति की यात्रा के दौरान हमने वांगचुक के संस्थानों का दौरा किया। वह एक अद्भुत व्यक्ति हैं और कई प्रतिभाओं से संपन्न हैं। वह एक शिक्षाविद, पर्यावरणविद, कार्यकर्ता और गांधीवादी हैं। उनके साथ जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, वह पूरी तरह निंदनीय है।"

### NSA के तहत किया गया था गिरफ्तार

सोनम वांगचुक को हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल राजस्थान के जोधपुर की जेल में बंद हैं। वांगचुक लंबे समय से लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश से पूर्ण राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची के तहत जनजातीय सुरक्षा प्रदान करने की मांग कर रहे थे।

### सोशल मीडिया पर कही थी ये बात

दिग्विजय सिंह ने पहले भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था, "सोनम वांगचुक के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाना घोर आपत्तिजनक है। हम इसकी भर्त्सना करते हैं। पूरी कांग्रेस पार्टी सोनम वांगचुक के साथ खड़ी है।" गौरतलब है कि लद्दाख में 24 सितंबर को हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और 80 से अधिक लोग घायल हुए थे। पुलिस का आरोप है कि वांगचुक के भड़काऊ भाषणों ने प्रदर्शनकारियों को उग्र कर दिया, जिससे हिंसा फैल गई।




### सोनम वांगचुक की पत्नी का बड़ा बयानः कहा- डीजीपी के आरोप झूठे... ये साजिश है, सरकार बना रही बलि का बकरा

पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ पुलिस द्वारा लगाए गए आरोपों पर उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने ऐतराज जताया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक के बयानों को झूठा और गढ़ी गई कहानी बताते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है, जिसके जरिए किसी को फंसाकर मनमर्जी करने की कोशिश हो रही है।

गीतांजलि ने कहा, हम डीजीपी के बयान की कड़ी निंदा करते हैं। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि पूरा लद्दाख इन आरोपों को खारिज करता है। ये एक बनावटी कहानी है, ताकि किसी को बलि का बकरा बनाया जा सके और वे जो चाहें वो कर सकें।

उन्होंने सवाल उठाया कि सीआरपीएफ को गोली चलाने का आदेश किसने दिया? अपने ही नागरिकों पर गोली कौन चलाता है? खासकर वहां, जहां कभी हिंसक प्रदर्शन नहीं हुए।

गीतांजलि का कहना है कि सोनम वांगचुक का इस पूरी घटना से कोई लेना-देना नहीं था। वे तो उस समय किसी और जगह शांतिपूर्वक भूख हड़ताल पर बैठे थे। वे वहां मौजूद ही नहीं थे, तो वे किसी को कैसे उकसा सकते हैं?

# जिला स्तरीय जनसुनवाई व सीएम हेल्पलाइन शिविर में 32 शिकायतों का संतोषजनक निराकरण

**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उमेश जोगा के निर्देश पर जिले में मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल की अध्यक्षता में हुए शिविर में जनसुनवाई, शिकायत निवारण एवं सीएम हेल्पलाइन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। एसपी अंकित जायसवाल ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 32 शिकायतों का संतोषजनक निराकरण



कर उन्हें बंद कराया गया। वहीं लगभग 40 आवेदकों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एसपी जायसवाल ने राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदन का समय पर और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दों और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने की बात कही।शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक नीमच किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद रोहित राठौर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा शाबेरा अंसारी, सहित जिले बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे।

## नगर परिषद डीकेन ने किया अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन

**डीकेन।** नगर परिषद डीकेन द्वारा शासन से प्राप्त निर्देशानुसार एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण कुमार पाटीदार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अब्दुल रऊफ खान के निर्देशन में दिनांक 01 अक्टूबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान निकाय के वृद्धजनों श्यामलाल पाटीदार, श्रीमति वरदीबाई मेघवाल, श्रीमति हुडीबाई राठौर, श्रीमति कंचरबाई पाटीदार को फुलमाला पहनाकर एवं शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव, ज्ञान और जीवन संघर्षों को सम्मान देना तथा नई पीढ़ी को यह संदेश देना है कि वृद्धजन हमारे मार्गदर्शक, प्रेरणा स्रोत और अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण कुमार पाटीदार, बंशीलाल पंवार, विनोद पाटीदार, शंकरलाल भांभी, उमेन्द्र जोशी, हरलाल गुर्जर, समरथ गुर्जर, दीपक पाटीदार, प्रहलाद पाटीदार एवं नगर परिषद के समस्त कर्मचारीगण तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)